भारत सरकार
विदेश मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या– 416
दिनांक 28.11.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

ऑस्ट्रेलिया द्वारा छात्र वीज़ा शुल्क में वृद्धि

#416. श्री नीरज डांगीः

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि हाल ही में ऑस्ट्रेलिया ने छात्र वीजा शुल्क में पहले से दोगुनी से भी अधिक की बढ़ोतरी की है;

(ख) यदि हां, तो सरकार ने छात्र वीजा शुल्क में कमी के संबंध में आस्ट्रेलिया सरकार से कोई बात की है;

(ग) क्या यह भी सच है कि वीजा शुल्क वृद्धि का निर्णय ऑस्ट्रेलिया में अध्ययन करने के इच्छुक भारतीय छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण वित्तीय चुनौती है; और

(घ) क्या सरकार के पास इन बदलावों को संतुलित करने के लिए कोई सुविचारित रणनीति है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
विदेश राज्य मंत्री
[श्री कीर्ति वर्धन सिंह]

(क) ऑस्ट्रेलिया सरकार ने 1 जुलाई 2024 से अंतर्राष्ट्रीय छात्र वीज़ा के लिए शुल्क 710 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर से बढ़ाकर 1600 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर कर दिया है।

(ख) छात्रों से संबंधित अन्य मुद्दों के साथ–साथ इस मामले को ऑस्ट्रेलियाई सरकार के संबंधित प्राधिकारियों के समक्ष उठाया गया है।

(ग) वीज़ा शुल्क में वृद्धि से ऑस्ट्रेलिया में अपनी पढ़ाई जारी रखने के इच्छुक भारत के छात्रों सहित अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के समक्ष वित्तीय चुनौतियां आ सकती हैं।

(घ) आर्थिक, शैक्षणिक और लोगों के बीच आपसी संबंधों सहित शिक्षा के क्षेत्र में भारत–ऑस्ट्रेलिया साझेदारी हमारे द्विपक्षीय संबंधों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह मंत्रालय, ऑस्ट्रेलिया में पढ़ रहे भारत के छात्रों से संबंधित मामलों पर ऑस्ट्रेलिया सरकार के साथ लगातार संपर्क बनाए रखता है।

*****